पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

<u>राज्यपाल की अध्यक्षता में जनपद आजमगढ़ के कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई</u>

लखनऊ : 11 मार्च, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज जनपद आजमगढ़ के कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना के पात्र लाभार्थियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए। आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा जननी सुरक्षा योजना में सभी गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अधिक से अधिक गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने की ट्रेनिंग कराई जाए। टीचिंग के आधुनिक तरीके बताये जाएं। बच्चों को उम्र के अनुसार योगा करने के तरीके भी बताये जाएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गर्भवती महिला प्राइवेट चिकित्सालय में न जाए तथा यदि जाती है तो क्यों जाती है, उसका कारण क्या है। राज्यपाल जी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी जिला चिकित्सालय एवं सभी सीएचसी/पी0एच0सी0 का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर तरीके से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो। कोटेदारों के सहयोग से टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। टीबी उन्मूलन की सफलता दर में वृद्धि करें तथा निजी चिकित्सालयों के संचालकों एवं निजी स्कूलों के संचालकों से भी टीबी मरीजों को गोद लेना सुनिश्चित करायें।

जल जीवन मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि पाइप डालने एवं वाटर कनेक्शन देने का कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाओं से टेंडर में हुए एग्रीमेंट के अनुसार निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि पाठ्य पुस्तकों का वितरण अप्रैल में विद्यालय खुलते ही सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर नए बच्चों का एडमिशन किया जाए तथा सभी बच्चों का आधार कार्ड एवं बैंक खाता लिंक किया जाए। आधार कार्ड बनाने वालों को स्कूल में ही बुलाकर कैंप लगाकर आधार कार्ड शत प्रतिशत बनाया जाना सुनिश्चित करें। आरटीई योजना के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष बच्चों का एडमिशन सुनिश्चित किया जाए। ऐसे बच्चे जिनकी उम्र जून एवं जुलाई में 06 वर्ष पूर्ण हो रही है, उनका भी एडमिशन अप्रैल में ही कर लिया जाए। राज्यपाल महोदया ने मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी को शिक्षा विभाग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों एवं पीएम श्री स्कूलों का लगातार निरीक्षण तथा स्कूलों में होने वाले निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करें तथा स्कूलों में छात्रों की संख्या के आधार पर अध्यापकों की नियुक्ति सुनिश्चित किया जाए।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षण दिया जाए। महिलाओं को स्टॉक मार्केट का भी प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान से 3 से 6 साल तक के सभी बच्चों को जोड़ा जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सभी बच्चों का एडमिशन कराने के निर्देश दिए। सभी लर्निंग लैब का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि एक ऐप बनाएं, जिस पर लर्निंग लैब का निरीक्षण करने वाले अपना फोटो अपलोड करें। राज्यपाल महोदया ने सभी मॉडल ग्रामों का भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉडल ग्रामों के रास्ते अच्छे हों तथा सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता हो। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी को योजना की लगातार समीक्षा करने के निर्देश दिए। जीरो पॉवर्टी योजना की समीक्षा करते हुए राज्यपाल महोदया ने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत परिवार को चिन्हित किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को योजना से जोड़कर गरीबी से बाहर निकाले। कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से न छूटे।

राज्यपाल महोदया ने कहा कि मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी अधिकारी धरातल पर जाकर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करायें। सभी अधिकारी स्कूलों एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करें। मंडलायुक्त/जिलाधिकारी एक-एक विभाग की प्रत्येक योजना की समीक्षा करें तथा उसका परिणाम भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी से करायें। इसके साथ ही राज्यपाल महोदया ने जल जीवन मिशन (शहरी), कृषि विभाग, उद्यान विभाग, प्रधानमंत्री आवास शहरी/ग्रामीण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल ने राज्यपाल महोदया के समक्ष सभी विभागीय योजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों की तरफ से राज्यपाल महोदया को आश्वस्त किया कि आप द्वारा दिए गए निर्देशों का शत

प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

बैठक में मण्डलायुक्त श्री विवेक, डी0आई0जी0 श्री सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल, पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्र:
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080